## महत्वपूर्ण एवं खास

### आज से खुलेंगे सभी शैक्षणिक संस्थान

**रायगढ़।** छ.ग.शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में जिले में कोविड-19 संक्रमण दर में कमी को देखते हुए कलेक्टर भीम सिंह ने सभी शैक्षणिक संस्थाओं (विद्यालय एवं महाविद्यालय)को 8 फरवरी 2022 से संचालन की अनुमति दी है। कलेक्टर सिंह ने सभी शैक्षणिक संस्थानों को कोविड-19 के मापदण्डों का पालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

### कल होगा कलेक्टर रेडियो जनचौपाल का द्वितीय प्रसारण

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह की कोरोना संक्रमण में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक नई पहल करते हुए विगत माह रेडियो के जरिए जनचौपाल लगायी। इसी कड़ी में रेडियो जनचौपाल का द्वितीय प्रसारण 9 फरवरी 2022 को आकाशवाणी केन्द्र के माध्यम से आयोजित होगा। रेडियो जनचौपाल के माध्यम से इच्छुक नागरिक फोन कर सीधे कलेक्टर सिंह से अपनी समस्या साझा कर सकते है। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी की रिकार्डिंग 9 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। फोन करने के लिए 07762-223233, 226754 पर संपर्क कर सकते है।

### नावापाली में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित


**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के विकासखण्ड पुसौर अंतर्गत ग्राम पंचायत नावापाली में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक सहकारी सोसायटियां/महिला स्व-सहायता समूह/ ग्राम पंचायत व अन्य उपभोक्ता सोसायटी 7 दिवस के भीतर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, रायगढ़ में अपना आवेदन जमा कर सकते है।

### विद्यार्थियों के लिए कैंटीन संचालन हेतु 2 मार्च तक निविदा आमंत्रित

**रायगढ़।** किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ के मुख्य भवन में छात्र-छात्राओं के सुविधा को ध्यान में रखते परिसर में कैंटीन (जलपान गृह)का संचालन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति महाविद्यालय कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर निविदा संबंधित फार्म एवं नियम शर्तो का प्रारूप 50 रुपये शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है। निविदा भरने की अंतिम तिथि 2 मार्च 2022 है।

### धारधार चाकू के साथ पकड़े गए युवक पर जूटमिल पुलिस ने की आर्म्स एक्ट की कार्रवाई

**रायगढ़।** दिनांक 06/02/2022 के दोपहर पुलिस चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक कबीर चौक एसबीआई बैंक के सामने लोहे का धारदार हथियार को लेकर घुम रहा है।



सूचना की तस्दीकी के लिये चौकी प्रभारी द्वारा चौकी से सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार परिहार के साथ हमराह स्टाफ कबीर चौंक भेजा गया। स्टाफ द्वारा एसबीआई बैंक के सामने संदिग्ध युवक को सुरक्षापूर्वक एक धारधार चाकू के साथ हिरासत में लिया गया। आरोपी युवक अपना नाम झसकेतन साह उर्फ यश पिता वेणुधर साह उम्र 21 वर्ष निवासी गुछमल्दा बारागढ़ अम्बाभाना, ओडिशा का रहने वाला बताया जिसे चौकी लाया गया। आरोपी झसकेतन साह उर्फ यश चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

# किसानों के स्वागत के साथ धान खरीदी उत्सव का हुआ समापन

- जिले में 57 लाख 16 हजार 613 क्विंटल से ज्यादा की हो चुकी है धान खरीदी
- अंतिम दिन भी रहा कृषकों में भारी उत्साह, 1 हजार 172 किसानों को जारी हुआ था टोकन

**रायगढ़।** विपणन वर्ष 2021-2022 में समर्थन मूल्य पर एक दिसंबर में प्रारंभ हुई धान खरीदी का आज अंतिम दिन है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने असमय बारिश के चलते प्रभावित हुई खरीदी से किसानों की परेशानी को देखते हुए खरीदी की तिथि बढ़ायी थी, जिससे किसानों को काफी राहत मिली। आज धान खरीदी के अंतिम दिन जिले भर के उर्पाजन केन्द्रों में धान विक्रय पहुंचे किसानों का धान विक्रय केन्द्रों में गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान किसानों ने कहा कि सभी विक्रय केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए सभी प्रकार की पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी। किसानों को विक्रय के लिए लंबी लाइन से मुक्त करने के लिए पूर्व में टोकन प्रदान करना धान विक्रय के लिए कारगार रहा। खरीदी केन्द्रों में बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था, बैठक व्यवस्था और धान की राशि भुगतान में किसानों में किसी प्रकार की दिक्कत नही आयी। सुचारू और सुव्यवस्थित धान खरीदी के साथ अपनी उपज बेचने व उसका सही दाम मिलने से जिले के किसानों में हर्ष का माहौल है।



भातपुर समिति में धान विक्रय के लिए पहुंचे ग्राम सुती के यादव प्रसाद पटेल कहते है, आज वह दूसरी बार धान बेच रहे है, पहली बार में उन्होंने 321 कट्टा धान का विक्रय किया है। उपार्जन केन्द्र में धान तौलाई, बैठक जैसे सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। घरघोड़ा सोसाइटी में धान विक्रय पहुंचे जगदीश महंत कहते है, टोकन एवं धान विक्रय करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। धान की राशि का भुगतान सही समय में किया गया। ग्राम-हिर्रामुड़ा के रतिराम ने बताया कि वे 106 क्विंटल धान बेच चुके है और धान का पैसा भी खाते में आ चुका है। इस वर्ष उन्होंने नये खुले धान उपार्जन केन्द्र में अपना धान बेचा। अपना अनुभव साझा करते हुए रतिराम ने बताया कि धान खरीदी बहुत ही व्यवस्थित रूप से की गई। समितियों में टोकन काटने से लेकर धान के तौलाई में किसी प्रकार की कही कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने सुचारू रूप से धान खरीदी प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए शासन-प्रशासन का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि जिले में एक दिसम्बर से धान खरीदी प्रारंभ हुआ था। धान खरीदी के लिए जिले में 143 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किसानों का धान उपार्जन किया गया। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुरेन्द्र कुमार गोंड़ ने बताया कि विपणन वर्ष 2021-2022 में समर्थन मूल्य पर 143 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से खबर लिखे जाने तक तक कुल 57 लाख 13 हजार 613 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी। धान खरीदी की राशि का भुगतान किसानों को अपेक्स बैंक के माध्यम से किया जा रहा है। धान खरीदी के अंतिम दिन भी किसानों में उत्साह रहा। अंतिम दिन 55 हजार 539 क्विंटल धान खरीदी के लिए 1 हजार 172 किसानों को टोकन जारी किया गया था। उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की भी पर्याप्त व्यवस्था होने से किसानों को किसी प्रकार दिक्कत नहीं हुई। जिससे किसान अपना धान समय में बेचने के साथ ही समय में राशि भुगतान से उत्साहित रहे।

## कचरा पृथक्करण के लिए सेग्रीगेशन मशीन की स्थापना अंतिम चरण में

- अगले सप्ताह से शुरू होगा कचरा पृथक्करण का कार्य
- शहर का कचरा डम्प करने का कार्य रामपुर में हुआ बंद

**रायगढ़।** रामपुर से कचरा नष्ट करने लाखों रुपए हो रहे खर्च निगम कर्मी वहीं डाल रहे कुड़ा के संबंध मे खबरे समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिक निगम रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत बड़े रामपुर में लिगेसी वेस्ट कचरा निपटान हेतु पेरी वेंकट रमन भिलाई को इस कार्यालय कार्यादेश जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत उक्त स्थल पर चेन माउन्टेड एक्स कैवेटर द्वारा कचरे का एकत्रीकरण किया जा रहा है तथा एकत्रित किए जा रहे कचरे के ऊपर अलग-अलग लेयर में बायोकल्चर का छिड़काव किया जा रहा है। कचरों के पृथक्करण के लिए सेग्रीगेशन मशीन की स्थापना का कार्य 8 फरवरी 2022 तक किया जाकर 14 फरवरी 2022 तक कचरे का पृथक्करण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वर्तमान में निगम द्वारा शहर का कचरा डम्प करने का कार्य रामपुर में बंद कर ट्रांसपोर्ट नगर साईट में एकत्रित किया जा रहा है।



## आबकारी विभाग के दो आरक्षक हुए पदोन्नत



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के आबकारी आयुक्त कार्यालय रायपुर राज्य के जिलों में पदस्थ 04 आरक्षकों को मुख्य आरक्षक (हेड कान्सटेबल) पद पर पदोन्नति दी गई है। इस आदेश में रायगढ़ जिले में पदस्थ 02 आबकारी आरक्षकों में जयदान तिर्की एवं उमेश चौहान की पदोन्नति मुख्य आरक्षक पद पर की जाकर उनके पदस्थापना यथावत रायगढ़ जिले में ही रखी गई है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल द्वारा आबकारी कार्यालय में आरक्षकों की बॉह में लाल फीता लगाकर पदोन्नति प्रदान की गई। सहायक जिला आबकारी अधिकारी अग्रवाल द्वारा पदोन्नत हुये मुख्य आरक्षकों को शुभकामनायें देकर उत्साहवर्धन किया गया। पदोन्नत मुख्य आरक्षकों को रायगढ़ एवं सारंगढ़ में पदस्थ किया गया है। विभाग में कार्यरत मुख्य आरक्षकों से अपराध, शिकायत एवं न्यायालयीन प्रक्रिया में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी, साथ ही विभागीय कार्यवाही संचालन में विशेष रूप से सहायक होंगे।

इस अवसर पर आबकारी कार्यालय में पदस्थ लक्ष्मण सिदार, याजेन्द्र मेहर, खेमराज लहरे, रामकुमार कंवर, अशोक सहीश के साथ घासीदास जोल्हे, सुफल कुमार कश्यप, झसकेतन प्रधान, प्रदीप डनसेना, अभिषेक साव, शिवांगी यादव, कविता देवांगन उपस्थित रहे। कार्यालयीन स्टॉफ वेदराम सिदार, लक्ष्मी यादव, संतोष यादव, नीलाम्बर यादव, नसीम खान द्वारा पदोन्नत मुख्य आरक्षकों का उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# आंगनबाड़ी, स्कूलों में रनिंग वॉटर सप्लाई का काम शीघ्र करें पूर्ण-कलेक्टर भीम सिंह

0- कलेक्टर भीम सिंह ने जल जीवन मिशन की ली समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन के कार्यो की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सिंगल विलेज, मल्टी विलेज व सोलर योजना के तहत चल रही योजनाओं के तहत सारे स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत भवन आदि में रनिंग वाटर कार्य की भी जानकारी ली।



कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यो की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत अनुबंध व समय वृद्धि की स्वीकृति पर समीक्षा करते हुए विलंब पर गहरी नाराजगी जताते हुए सभी संबंधितों एवं ठेकेदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने योजना से संबंधित स्वीकृत कार्यो की प्रगति और वर्तमान स्थिति पर चर्चा की।

कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन की अद्यतन प्रगति एवं निविदाओं की स्वीकृति के अनुमोदन पर चर्चा की। ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि रेट्रोफिटिंग योजना के 366, सिंगल विलेज योजना के 466, सोलर योजना के 314 सहित कुल 1146 योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है तथा 353 योजनाओं की निविदा जारी की जा चुकी है। जिसमें से 515 योजनाओं में कार्यादेश जारी किया गया है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 194 योजनाओं में कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिसमें 6 जनवरी की स्थिति में 24 हजार घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जा चुके है। इसके साथ ही आश्रम एवं छात्रावास में रनिंग वाटर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है।

इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, जल संसाधन, क्रेडा विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कुकुरबुडा नाला किनारे दो आरोपियों से 40 लीटर महुआ शराब की जब्त

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर जिले के सभी थाना क्षेत्र अन्तर्गत अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं अवैध रूप से महुआ शराब बनाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 07.02.2022 को थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम देलारी दो लोग कुकुरबुडा नाला किनारे अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा थाने से शराब रेड कार्रवाई के लिये पुलिस बल मौके के लिये रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को अवैध रूप से बिक्री करने शशराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपी शशि कुमार अगरिया पिता बोधन अगरिया उम्र 38 साल निवासी देलारी थाना पूंजीपथरा के कब्जे से प्लास्टिक जरकिन में 10 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई हैं।



वहीं दूसरी कार्रवाई में मौके पर आरोपी संतोष यादव पिता दयानिधि यादव उम्र 35 वर्ष निवासी देलारी थाना पूंजीपथरा से अवैध शराब के संबंध में पूछताछ किए जाने पर नाला किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखा हुआ एक 40 लीटर वाली प्लास्टिक ड्रम लाकर पेश किया जिसमें 30 लीटर महुआ शराब भरा हुआ था जिसकी विधिवत जप्ती की गई है। आरोपीगण शराब अवैध रूप से बेचने के लिए रखना स्वीकार किये हैं। आरोपियों पर पृथक-पृथक धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक आशिक रात्रे, सहायक उपनिरीक्षक सिमसोन मिंज, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, सुरतीलाल सिदार आरक्षक अदिकंद प्रधान, खेमलाल चौहान, विद्या सिदार की अहम भूमिका रही है।

## बड़े आमाकोनी जंगल में अवैध शराब भट्ठी किया गया ध्वसत, 50 लीटर महुआ शराब, 50 बोरी महुआ पास व बर्तन नष्ट

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर थाना सरिया प्रभारी सरिया उप निरीक्षक के.के. पटेल द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध महुआ शराब पर कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी के सूचनातंत्र पर गत माह महानदी किनारे बसे गांव में अवैध शराब भट्ठी को पुलिस द्वारा द्वारा तोड़ा गया था। इसी क्रम में दिनांक 06.02.2022 को सरिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्रामीणों के साथ ग्राम बड़े आमाकोनी जंगल में नाला किनारे अवैध रूप से देशी महुआ शराब बनाने वालों पर कार्रवाई के लिये रेड किया गया, पहाड़ पार कर पुलिस टीम को आते देख शराब बनाने वाले जंगल अंदर भाग गये, पुलिस टीम जंगल अंदर आसपास आरोपियों को तलाश किया गया, कोई नहीं मिला। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों द्वारा बनाये गये अवैध शराब भट्ठी(चूल्हा) को पूरी तरह से धवस्त किया गया है। पुलिस पार्टी द्वारा मौक पर शराब निर्माण के लिए रखें लगभग 50 बोरी महुआ पास एवं अज्ञात आरोपियों द्वारा तैयार किया गया 50 लीटर महुआ शराब तथा शराब निर्माण की सामाग्री 4 बर्तन, महुआ पास रखें 4 प्लास्टिक डिब्बे, पाइप व प्लास्टिक बोरी सभी को नष्टीकरण किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी के. के. पटेल , प्रधान आरक्षक अर्जुन पटेल, आरक्षक राजकुमार साव, सत्यम मंडलोई, विपिन देहरी ,भगत टंडन शामिल थे।



# नाबालिग का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुसौर पुलिस ने भेजा जेल

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) माहेश्वर नाग के पर्यवेक्षण पर थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा एक माह पहले पुसौर थाना क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग बालिका को दिनांक 05.02.2022 को मुखबिर सूचना पर ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड के पास से दस्तयाब किया गया था। अपहृत बालिका महिला पुलिस अधिकारी को दिये अपने कथन में दिनांक 04/01/22 के शाम आरोपी शनिदेव सेठ द्वारा शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर इलाहाबाद ले गया था जहां जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाया। बालिका बताई कि दिनांक 05.02.2022 को शनिदेव अपने घर ले जाने की बात कहकर रायगढ़ लाया और सारंगढ़ बस स्टैण्ड, ट्रांसपोर्टनगर के पास छोड़कर भाग गया। थाना प्रभारी पुसौर द्वारा प्रकरण से संबंधित अपराध क्रमांक 06/2022 धारा 363, 366 IPC में धारा 376 IPC, 6 पॉस्को एक्ट विस्तारित कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये मुखबिर लगाकर लगातार दबिश दिया जा रहा था। आरोपी पुलिस के बढ़ते दबाव पर रायगढ़ से कहीं भागा नहीं पाया था, आज दिनांक 07.02.2022 को मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी पुसौर को आरोपी शनिदेव सेठ को उसके गांव में देखे जाने की सूचना दिया गया जिस पर थाना प्रभारी एसआई गिरधारी साव द्वारा हमराह स्टाफ आरोपी के सकुनत में दबिश देकर आरोपी शनिदेव सेठ पिता निराकार सेठ उम्र 20 वर्ष निवासी थानाक्षेत्र पुसौर को थाना लाया गया। आरोपी द्वारा जुर्म कबूल किये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया , जहां जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

# धनुहारडेरा एनीकट के बनने से अंचल के कृषि क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का होगा विकास

- योजना के पूर्ण होने पर आस-पास के ग्रामों के 230 हेक्टेयर में स्वयं के उद्वहन द्वारा सिंचाई सुविधा होगी उपलब्ध

**रायगढ़।** खेती-किसानी के लिए अधिकतर किसान मानसून पर निर्भर रहते है। लेकिन राज्य में जलवायु परिवर्तन के कारण अब वर्षा की अनियमितता तथा मानसून का सत्र कम होते जा रहा है। इसलिए मानसून के दौरान प्राप्त वर्षा जल को नदी-नालों में अधिक प्रभावी ढंग से एकत्रित कर जब जरूरत हो तब कृषकों को फसलोत्पादन हेतु सिंचाई के रूप में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एनीकट या बांध का परिकल्पना नितांत आवश्यक है।

रायगढ़ जिले के वे सभी गांव बिजकोट, नवापाली, धनुहारडेरा, भाठनपाली जिनके समीप केलो नदी गुजरती है उनके साथ नाभिलाबद्ध है। इन ग्रामों से जीवनदायिनी के रूप में केलो नदी अनवरत रूप से बहती हुई। आस-पास के ग्रामीणों के जीविका का स्त्रोत बनकर उड़ीसा में गुदुम नामक ग्राम के पास जाकर महानदी में विलिन हो जाती है। जो इस रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड के प्राकृतिक संपदा ही नहीं वरन जन जीवन का मूल आधार भी है।

रायगढ़ जिले की पुसौर विकासखण्ड के इस निम्न सिंचित क्षेत्र के कृषकों को कृषि आवश्यकतानुसार नियमित रूप से उदवहन सिंचाई द्वारा जल प्रदाय एवं निस्तारी तथा किसानों के कृषि के रूप में आर्थिक रूप से उन्नत एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु रायगढ़ विकासखण्ड के इन क्षेत्रों में सिंचाई क्षमता में वृद्धि हेतु ग्राम-धनुहारडेरा एवं भाठनपाली के मध्य केलो नदी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा 14 जून 2021 को 609.45 लाख रुपये की लागत से धनुहारडेरा एनीकट योजना का शिलान्यास किया गया और अंचलवासियों को सिंचाई नेटवर्क विकसित करने की दिशा में देखे जा रहे वर्षों पुराने सपने को साकार किया है ताकि रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड का यह अंचल भी विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सके।

धनुहारडेरा एनीकट योजना जिला रायगढ़ के पुसौर विकासखण्ड एवं विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ अंतर्गत स्थित है। योजना का कार्यस्थल ग्राम धनुहारडेरा एवं भाठनपाली के मध्य केलो नदी पर जिला मुख्यालय से लगभग 09 कि.मी. दूरी पर स्थित है। योजना के पूर्ण होने पर आस-पास के ग्रामों के 230 हेक्टेयर में स्वयं के उद्वहन द्वारा सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के निर्माण हेतु तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर द्वारा प्रदान की गई है।

वर्तमान में रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड के यह महत्वाकांक्षी योजना का निर्माण जल संसाधन संभाग रायगढ़ के कार्यपालन अभियंता के कुशल मार्गदर्शन में होना है। जिसे तयशुदा समयानुसार निर्माण पूर्ण किये जाने हेतु जल संसाधन विभाग संकल्पित है। धनुहारडेरा एनीकट योजना के निर्माण हो जाने के पश्चात् जिले के पूर्वी क्षेत्र के जनजीवन की आवश्कताओं को पूर्ति करने में तथा सामाजिक आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका साबित होते हुए अंचल के कृषि क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का विकास किया जाना संभव होगा।

चूंकि यह एनीकट कम काजवे है, जिसके निर्माण से ग्रामीणजन सुलभता से एक दूसरे के गांवों को कम समय में आवागमन की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। एनीकट निर्माण पश्चात यह एक जलाशय जैसा पानी का एकत्रीकरण रहेगा, जो जल संर्वधन के साथ-साथ तथा प्रकृति की दृष्टि से शांत वातावरण और हरी-भरी हरियाली से युक्त होकर पर्यटक पक्षियों के कई प्रजातियों एवं वन्य जीवों के फलने-फूलने की सुविधा को भी प्रदान करेगा।

यह एक पिकनिक स्थल के रूप में भी चिन्हित होगा साथ ही साथ स्वावलंबन की राह में मत्स्य उद्योग को उद्यम का जरिया बनाकर आस-पास के ग्रामीणों का आर्थिक रूप से उन्नत होने के लिए भी सफलता की राह हासिल हो सकेगा। धनुहारडेरा के समीप निर्मित होने वाला यह धनुहारडेरा एनीकट कम काजवे का राज्य में हो रहे चहुमुखी विकास के क्रम में रोशनी भरा योगदान रहेगा तथा राज्य सरकार के हरित क्रान्ति के सपने को भी साकार करेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480